**SET-2**

**Series HRK/NSQF**

कोड नं.
Code No. **504/2**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 18 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# संकलित परीक्षा – II

## SUMMATIVE ASSESSMENT – II

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)

## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 90*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र के* ***चार*** *खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii)* *सभी खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना* ***अनिवार्य*** *है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2×6=12*

भोजन का असली स्वाद उसी को मिलता है जो कुछ दिन बिना खाए भी रह सकता है । 'त्यक्तेन भुंजीथा,' जीवन का भोग त्याग के साथ करो, यह केवल परमार्थ का ही उपदेश नहीं है, क्योंकि संयम से भोग करने पर जीवन से जो आनंद प्राप्त होता है, वह निरा भोगी बनकर भोगने से नहीं मिल पाता ।

बड़ी चीज़ें बड़े संकटों में विकास पाती हैं, बड़ी हस्तियाँ बड़ी मुसीबतों में पलकर दुनिया पर कब्ज़ा करती हैं । अकबर ने तेरह साल की उम्र में अपने बाप के दुश्मन को परास्त कर दिया था, जिसका एकमात्र कारण यह था कि अकबर का जन्म रेगिस्तान में हुआ था और वह भी उस समय, जब उसके बाप के पास एक कस्तूरी को छोड़कर और कोई दौलत नहीं थी ।

महाभारत में देश के प्राय: अधिकांश वीर कौरवों के पक्ष में थे, मगर फिर भी जीत पांडवों की हुई, क्योंकि उन्होंने लाक्षागृह की मुसीबत झेली थी, क्योंकि उन्होंने वनवास के जोखिम को पार किया था ।

(क) भोजन का असली स्वाद किसे मिलता है और क्यों ?

(ख) 'त्यक्तेन भुंजीथा' का आशय समझाइए ।

(ग) अकबर का उदाहरण क्यों दिया गया है ?

(घ) महाभारत में अधिक वीर कौरवों की ओर थे और जीत पांडवों की हुई, ऐसा क्यों ?

(ङ) मुसीबतों में पड़कर उद्देश्य कैसे पाया जा सकता है ?

(च) जीवन का आनंद पाने के लिए क्या किया जाना चाहिए ?

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2×4=8*

हिमालय सरीखा न नगराज भू पर न गंगा-यमुना-सी कहीं वारि-धारा ।।

नयन में लिए चित्रशाला युगों की,

महा सभ्यता है खड़ी शीश ताने ।

न इतिहास को याद वे सब तराने,

अगम मोड़ कितने किसी ने न जाने ।

परम वंदना योग्य यह भूमि भारत, पथिक ! है अकथनीय गौरव हमारा ।

हिमालय सरीखा न नगराज भू पर न गंगा-यमुना-सी कहीं वारि-धारा ।।

कहीं तोड़ गिरि-शृंग कोई भगीरथ,

कभी क्या किसी गंग को खींच लाया ?

कभी क्या किसी ने कहीं क्रोध में भर,

अगम सिंधु पीकर उदर में समाया ।

कठिन त्याग बलिदान के मार्ग पर ले बढ़ा कोटि नर-नारियों को लिए जो ।

न गांधी सरीखा चमत्कार भू पर, अहिंसक समर का न ऐसा पसारा ।।

(क) कवि देश को किन प्राकृतिक देनों को अन्यत्र दुर्लभ मानता है ? क्यों ?

(ख) देश का गौरव अकथनीय क्यों है ?

(ग) भगीरथ कौन था ? गंगा को धरती पर लाने के लिए उन्होंने क्या किया ?

(घ) कवि ने गांधी के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

## खण्ड ख

**3.** शब्द किसे कहते हैं ? वह पद से किस प्रकार भिन्न है ? *2*

**4.** निर्देशानुसार वाक्य-रूपांतरण कीजिए : *3*

(क) तुम्हारे आने पर ही यह हो पाएगा । (मिश्र वाक्य में)

(ख) हे अर्जुन, सब कुछ त्यागकर मेरी शरण में आओ । (संयुक्त वाक्य में)

(ग) तुम सफल हो जाओ इसलिए माँ प्रार्थना कर रही है । (सरल वाक्य में)

**5.** (क) निम्नलिखित में समस्त-पद बनाकर समास का नाम लिखिए : *2*

नील है जो नभ, स्वर्ण का आभूषण

(ख) निम्नलिखित में समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए : *2*

राज-दरबार, छापा-तिलक

**6.** निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : *4*

(क) क्या आप भोजन कर चुके हो ?

(ख) पुलिस ने अपराधी को पकड़कर मामला दर्ज कर लिया गया है ।

(ग) परस्पर एक दूसरे से परामर्श कर लें ।

(घ) लड़का लोग सब सेना में चला गया है ।

**7.** निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए : *2*

नौ दो ग्यारह होना, आँखों में धूल झोंकना

## खण्ड ग

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2+2+1=5*

(क) चेखव की कहानी में किस पात्र को 'गिरगिट' कहा जा सकता है और क्यों ?

(ख) 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर आदर्श और व्यावहारिकता में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(ग) सआदत अली को वज़ीर अली का होना अपनी मौत क्यों लगता था ?

**9.** 'गिरगिट' कहानी सरकारी कर्मचारियों में व्याप्त भ्रष्ट आचरण और चाटुकारिता की आदत को किस प्रकार प्रकाशित करती है ? उदाहरण-सहित समझाइए । *5*

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

शुद्ध आदर्श भी शुद्ध सोने के जैसे ही होते हैं । चंद लोग उसमें व्यावहारिकता का थोड़ा-सा ताँबा मिला देते हैं और चलाकर दिखाते हैं । तब हम लोग उन्हें प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट कहकर उनका बखान करते हैं ।

पर बात न भूलें कि बखान आदर्शों का नहीं होता, बल्कि व्यावहारिकता का होता है और जब व्यावहारिकता का बखान होने लगता है तब 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श पीछे हटने लगते हैं ।

(क) शुद्ध आदर्शों को सोने के समान क्यों बताया है ?

(ख) प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट किन्हें कहा है ? वे क्या करते हैं ?

(ग) प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों के जीवन से आदर्श कब हटने लगते हैं ?

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

(क) बिहारी ने कैसे समझाया है कि ईश्वर बाहरी आडंबर से नहीं, सच्चे स्वभाव से मिलता है ?

(ख) 'कर चले हम फ़िदा' गीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि क्या थी ? संक्षेप में लिखिए ।

(ग) 'मनुष्यता' कविता में कवि ने किसे मनुष्य माना है ?

**12.** ‘कर चले हम फ़िदा’ के आधार पर भारतीय सैनिकों की वीरता पर प्रकाश डालिए । *5*

**13.** ‘सपनों के-से दिन’ पाठ के आधार पर ‘पी.टी. सर’ की चारित्रिक विशेषताओं का मूल्यांकन कीजिए । *5*

## खण्ड घ

**14.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) हमारे विद्यालय में योग-शिक्षा

- योग क्यों आवश्यक
- विद्यालय में व्यवस्था
- मेरा मत

(ख) मेरा प्रिय खेल

- खेल का नाम, प्रिय क्यों
- खेल की विशेषताएँ
- मेरी उपलब्धि

(ग) स्वच्छता आंदोलन

- उद्देश्य
- क्या करें
- प्रभाव

**15.** आपके गाँव/मुहल्ले में कोई पुस्तकालय नहीं है । अपने क्षेत्र के विधायक को पत्र लिखकर शीघ्र ही एक पुस्तकालय खुलवाने का निवेदन कीजिए । *5*

**16.** आपके विद्यालय के 'नेचर क्लब' के सदस्य ग्रीष्मकालीन अवकाश में कॉर्बेट नेशनल पार्क जाना चाहते हैं । सचिव की ओर से एक सूचना लिखकर इच्छुक छात्रों से आवेदन माँगिए । *5*

**17.** मोबाइल के किसी नए मॉडल के बारे में दो मित्रों की बात-चीत संवाद के रूप में लगभग 50 शब्दों में लिखिए । *5*

**18.** अपने उद्यान के लिए माली के रिक्त पद को भरने हेतु एक विज्ञापन लगभग 30 शब्दों में लिखिए । *5*